आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 08.01.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अनूठे संवाद कार्यक्रम, परीक्षा पे चर्चा के लिए अब तक चार करोड़ से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है।
- दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा की अध्यक्षता में 'स्पाइस प्रवाह' पहल के तहत जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई।
- मेजर जनरल अजय फिरोज शाह ने अंडमान निकोबार कमान के चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में कार्यभार संभाल लिया है।
- पुलिस महानिदेशक हरगोबिन्दर सिंह धालीवाल ने पुलिस प्रशिक्षण स्कूल में नवनिर्मित 10 कमांडो ऑब्सटैकल्स का उद्घाटन किया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अनूठे संवाद कार्यक्रम, परीक्षा पे चर्चा के लिए अब तक चार करोड़ से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है। प्रधानमंत्री ने इस वर्ष के कार्यक्रम के लिए विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों से सुझाव आमंत्रित किए हैं। श्री मोदी ने कहा कि कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं नजदीक आने के साथ ही वे परीक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों से एक बार फिर बातचीत करेंगे।

<><><><><><><>

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र प्रगति ने अपनी 50वीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलबधि हासिल की है। प्रधानमंत्री ने 2015 में इस तंत्र का शुभारंभ किया था। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री की सीधी समीक्षा के कारण बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं की समयबद्ध निगरानी और मुद्दों का समाधान संभव हुआ है। प्रगति ने केंद्र, राज्य और केंद्रीय मंत्रालयों को एकल डिजिटल मंच पर लाकर सहकारी संघवाद का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस विशेष श्रृंखला में आज अरुणचल प्रदेश की कामेंग जल विद्युत परियोजना की जानकारी प्रस्तुत है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा की अध्यक्षता में कल कृषि विभाग के साथ 'स्पाइस प्रवाह' पहल के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान इस पहल के पांच वर्षीय रोडमैप पर चर्चा की गई। इसका उद्देश्य द्वीप समूह में 2,000 हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करते हुए मसालों का समग्र विकास सुनिश्चित करना और क्लस्टर विकास, क्षेत्र विस्तार और मूल्यवर्धन के माध्यम से द्वीप के किसानों के लिए एक स्थायी मसाला अर्थव्यवस्था बनाना है। बाहरी निर्भरता कम करने के लिए यहाँ की कृषि–जलवायु के अनुकूल काली मिर्च, दालचीनी, जायफल, तेजपत्ता और लौंग की खेती को बढ़ावा देना है। पौधों के प्रदर्शन की निगरानी के लिए अधिकारियों और फील्ड स्टाफ की क्षेत्रीय–स्तरीय टीमें गठित की जा रही हैं। वर्ष 2026–27 के लिए लक्ष्य को पूरा करने के लिए बैठक के दौरान दक्षिण अंडमान के 118 हेक्टेयर क्षेत्र और लिटिल अंडमान के 101 हेक्टेयर क्षेत्र को मसाला खेती के दायरे में लाने का प्रस्ताव रखा गया। किसान इस पहल के संबंध में तकनीकी सलाह और मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए कृषि विभाग द्वारा संचालित किसान कॉल सेंटर से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, नई दिल्ली ने "प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना" के 'खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता आश्वासन बुनियादी ढांचा' योजना के अंतर्गत NABL मान्यता प्राप्त खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित करने हेतु पात्र उद्यमियों से प्रस्ताव आमंत्रित किया है। इसके लिए कोई भी निजी क्षेत्र का संगठन या इकाई, जो विशेष रूप से वाणिज्यिक खाद्य परीक्षण के लिए प्रयोगशाला स्थापित करना चाहती है, वह निर्धारित नियमों और शर्तों के अधीन पात्र है। दिशा–निर्देशों के अनुसार अधिकतम 5 करोड़ रुपये प्रति परियोजना प्रदान की जाएगी। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से मंत्रालय के संपदा पोर्टल पर अपलोड किए जाने चाहिए। दिशा–निर्देशों में बताए गए आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन करना अनिवार्य है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 जनवरी शाम 5 बजे तक हैं। अधिक जानकारी मंत्रालय की वेबसाइट www.mofpi.gov.in पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

मेजर जनरल अजय फिरोज शाह ने अंडमान निकोबार कमान के चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने रियर एडमिरल बिप्लव होता का स्थान लिया। मेजर जनरल शाह जून

1991 में 14वीं बटालियन, 'द ब्रिगेड ऑफ द गाड्र्स' में कमीशन हुए थे। इससे पहले वे मुख्यालय सेना प्रशिक्षण कमान में मेजर जनरल जनरल स्टाफ ट्रेनिंग –ब्रावो के रूप में कार्यरत थे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस महानिदेशक एच.जी.एस. धालीवाल ने कल पुलिस प्रशिक्षण स्कूल, प्रातरापुर में नवनिर्मित 10 कमांडो ऑब्सटैकल्स का उद्‌घाटन किया। इसके बन जाने से द्वीपों में पुलिस प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशकी सिंधु पिल्लई ए., पुलिस महानिरीक्षक – प्रशिक्षण गीता रानी वर्मा, उप–पुलिस महानिरीक्षक और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। ये नवनिर्मित, अत्याधुनिक कमांडो ऑब्सटैकल्स पुलिस कर्मियों की शारीरिक सहनशक्ति, सामरिक कौशल और समग्र परिचालन तैयारी को बढ़ाने के लिए तैयार किए गए हैं। यह बुनियादी ढांचा द्वीपों में उभरती कानून–व्यवस्था की चुनौतियों, आपदा प्रतिक्रिया और आपातकालीन स्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस महानिदेशक हरगोबिंदर सिंह धालीवाल, ने कल एपीयू, पुलिस लाइन परिसर में आयोजित एक औपचारिक समारोह के दौरान खेलो इंडिया केंद्रों का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर एपीयू पुलिस लाइन में कायाकिंग और कैनोइंग केंद्र का भौतिक रूप से उद्‌घाटन किया गया, जबकि पोर्ट मोट स्थित आईआरबीएन मुख्यालय परिसर में बॉक्सिंग केंद्र का वर्चुअली उद्‌घाटन हुआ। ये केंद्र भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय की स्वीकृति से खेलो इंडिया योजना और भारतीय खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में स्थापित किए गए हैं। खेलो इंडिया दिशा–निर्देशों के अनुसार, दो पूर्व चैंपियन एथलीटों को कोच के रूप में नियुक्त किया गया है। प्रतिभा पहचान परीक्षण के दौरान 12 से 18 वर्ष आयु वर्ग में कायाकिंग और कैनोइंग में 37 और बॉक्सिग के लिए 18 प्रशिक्षुओं का चयन किया गया है। इन केंद्रों का उद्देश्य द्वीप समूह के प्रतिभाशाली युवाओं को व्यवस्थित, वैज्ञानिक और निरंतर खेल प्रशिक्षण प्रदान करना है। पुलिस महानिदेशक ने प्रशिक्षुओं के साथ बातचीत करते हुए उन्हें समर्पण और अनुशासन के साथ खेल को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

<><><><><><><>

शिक्षा एवं खेल निदेशक विक्रम सिंह ने कल कार निकोबार का दौरा कर राज्य खेल प्राधिकरण के आधुनिक खेल परिसर, लापाती का निरीक्षण किया। इस परिसर में शिक्षा, खेल और युवा मामले विभाग द्वारा

'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' के प्रथम चरण का चयन परीक्षण आयोजित किया जा रहा है। दौरे के दौरान निदेशक ने कार निकोबार में चल रहे फुटबॉल चयन परीक्षणों की समीक्षा की। निदेशक ने कहा कि इस वर्ष छत्तीसगढ़ में आयोजित होने वाले 'ट्राइबल गेम्स' में द्वीपसमूह की टीमें लगभग 7 से 8 विभिन्न खेल विधाओं में भाग लेंगी। दक्षिण अंडमान में तीरंदाजी और तैराकी का चयन परीक्षण का आयोजित किया जा रहा है।

**<><><><><><><>**